2022/55

अज अदालत लेण्ड रेकर्ड ऑफिसर (उपखण्ड अधिकारी) शिवगंज

बइजलास भागीरथ राम R.A.S

प्रार्थी		अप्रार्थी
राजेश कुमार	बनाम	उपतहसीलदार, कैलाशनगर

अन्तर्गत धारा 136 भूराजस्व अधिनियम की धारा 1956 के तहत

प्रकरण सं0– 31 /2022

—::आदेश::—

प्रार्थी श्री राजेश कुमार पुत्र मूपाराम जाति कुम्हार निवासी मनादर द्वारा इस प्रशासन गांवों के संग अभियान–2021 के फोलोअप केम्प पंचायत समिति शिवगंज में एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भूराजस्व अधिनियम की धारा 1956 के तहत पेश किया जिसमें उन्होंने शपथ पत्र व अन्य दस्तावेज पेश कर राजस्व रेकर्ड में अपना सही नाम राजेश कुमार की जगह राजेन्द्र कुमार दर्ज करने का निवेदन किया है।

प्रकरण की जांच पटवारी हल्का–मनादर–1 व मनादर–2, भू–अभिलेख निरीक्षक कैलाशनगर व उपतहसीलदार कैलाशनगर की अनुशंषा के आधार पर ग्राम मनादर–1 के खसरा नं0 87, 1514 व 1586 व मनादर–2 के खसरा नं0 2420/2 व जुबलीगंज के खसरा नं0 2126 के अनुसार प्रार्थी श्री राजेन्द्र कुमार जाति कुम्हार का वास्तविक नाम राजेश कुमार पुत्र मूपाराम जाति कुम्हार निवासी मनादर तहसील शिवगंज होने के कारण इन वर्णित जमाबंदीयों में प्रार्थी राजेन्द्र कुमार की जगह राजेश कुमार शुद्धीकरण किये जाने का आदेश दिया जाता है। तदअनुसार उपतहसीलदार कैलाशनगर राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद कर पालना इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया जाता है।

उपखण्ड अधिकारी
शिवगंज (सिरोही)

कमांक/कोर्ट/2022/ 760 दिनांक 16.9.2022
प्रतिलिपि पालनार्थ।
तहसीलदार/उपतहसीलदार शिवगंज/कैलाशनगर

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhagirath Ram
Date: 2022.10.12 17:29:21 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
शिवगंज (सिरोही)